पंजाब केसरी 10-9-2023

जी.एम.एन. कॉलेज में रंगारंग प्रस्तुतियों से संपन्न हुआ टैलेंट शो

विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते कॉलेज प्राचार्य।

अम्बाला, 9 सितम्बर (कोचर): कैंट के जी.एम.एन. कॉलेज में चल रही 2 दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के दूसरे व अंतिम दिन विद्यार्थियों ने जमकर अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। कालेज सभागार छात्राओं की प्रतिभाओं की मनोरम प्रस्तुति से तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखने को मिला। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों का उत्साह देखकर खुशी जताई।

प्राचार्य ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं को कराने का मकसद यूथ फैस्टिवल के लिए बच्चों को तैयार करना है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाती हैं। सांस्कृतिक विभाग के प्रभारी डा.राजेंद्र देशवाल ने बताया कि आज का युवा बहुत अधिक प्रतिभाशाली है।

उन्हें एक मंच चाहिए जिस पर आकर वह अपनी प्रतिभा को निखार सकें। इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंतिम दिन विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य में प्रतिभा दिखाई। छात्र-छात्राओं ने नृत्य-गायन के रंगारंग कार्यक्रम में शानदार प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया।

प्रस्तुतियों से बांधा समां

कार्यक्रम की शुरूआत तरुण के गैस्ट आइटम की शानदार प्रस्तुति से हुई। इसके साथ ही बैंजो इंस्ट्रूमैंट की प्रस्तुति दी गई। नृत्य में हरियाणवी, पंजाबी गीतों ने विद्यार्थियों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।

मंच संचालन डा. अमित कुमार और डा. मनजीत कौर ने किया। गायन प्रतियोगिता में अश्वनीत सिंह, नूर्वंश दीप और रिया, कुणाल ने स्थान प्राप्त किए।

इंस्ट्रूमैंटल में अंकुश प्रथम रहे। नृत्य प्रतियोगिता में पायल, पलक, निखिल ने बाजी मारी। विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।